CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

॥ श्रीः ॥

अथ

यज्ञोपवीतपद्धतिः ।

बांसबरेलीनिवासिपंडित—मुकुंदरामकृत-

भाषाटीकासहिता ।

सेयं

गङ्गाविष्णु श्रीकृष्णदास,

मालिक—"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-प्रेस,

कल्याण--बंबई.

संवत् २०११, शके १८७६.

1954

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्री वेङ्कटेश्वर बुक डिपो
चौक, बनारस।

मुद्रक और प्रकाशक-
गंगाविष्णु श्रीकृष्णदास,
मालिक-"लक्ष्मीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-प्रेस, कल्याण-बम्बई.

सन् १८६७ के आक्ट २५ के मुजब रजिष्टरी सब
हक्क प्रकाशकने अपने आधीन रखा है।

बुक डिपो
बनारस।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

श्रीगणेशायनमः ।

अथ

यज्ञोपवीतपद्धतिः ।

भाषाटीकासहिता

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पंचमे ॥
राज्ञो बलार्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ॥ १ ॥

वेदाध्ययननिमित्त जो तेज बढाया जाता है सो ब्रह्मतेज उसकी कामना[1]वाले ब्राह्मणका उपनयन कर्म पांचवें वर्ष और बलकी इच्छावाले क्षत्रियका छठे वर्ष तथा बहुतसी कृषि आदिकी चेष्टावाले वैश्यका आठवें वर्ष उपनयन संस्कार होना योग्य है ॥ १ ॥

गर्भाष्टमेऽब्दे कुर्वीत ब्राह्मणस्योपनायनम् ॥
गर्भादेकादशे राज्ञो गर्भात्तु द्वादशे विशः ॥ २ ॥

गर्भसे वा जन्मसे ब्राह्मणका आठवें वर्ष, गर्भसे वा जन्मसे क्षत्रियका ग्यारहवें वर्ष, गर्भसे वा जन्मसे वैश्यका बारहवें वर्ष उपनयनसंस्कार होना चाहिये ॥ २ ॥

आषोडशाद्ब्राह्मणस्य सावित्री नातिवर्तते ॥
आद्वाविंशात्क्षत्रबन्धोराचतुर्विंशतेर्विशः ॥ ३ ॥

सोलह वर्षपर्यन्त ब्राह्मणकी सावित्री (गायत्री) अर्थात् उपनयनका समय व्यतीत नहीं होता है, क्षत्रियका बाईस

---

१ यहां बालकके पिताकी कामना समझना चाहिये ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

वर्ष और वैश्यका चौबीस वर्षपर्यन्त उपनयनका समय व्यतीत नहीं होता है ॥ ३ ॥

अत ऊर्ध्वं त्रयोऽप्येते यथाकालमसंस्कृताः ॥
सावित्रीपतिता व्रात्या भवन्त्यार्यविगर्हिताः ॥ ४ ॥

इस पूर्वोक्त कालके व्यतीत हो जानेपर तीनों वर्णोंकी सावित्री पतित हो जाती है और श्रेष्ठ पुरुषोंसे निंदित हो जाते हैं तथा व्रात्यसंज्ञा हो जाती है ॥ ४ ॥

जब उपनयनसंस्कारका समय हो तब पंडितसे मुहूर्त पूंछे उसी मूहूर्तके अनुसार देशरीतिसे घान यंत्रीपूजन स्तम्भारोपणादि कृत्य करके उपनयनकर्मके दिन शुभ लग्नमें जिस कुमारका यज्ञोपवीत करना है उसको आठ कुमारोंके बीच सिखरन वा भात भोजन कराय मंडपके नीचे आंगनको लिपवाय चौक पूरकर मंडपके बाहर कुमारके शिरपर फेरवा रखाय उवटना लगवाय स्नान करावे और कुमारका पिता मंडपके नीचे पवित्रतापूर्वक आवे और पूर्व वा उत्तरमुख आसन बिछाय बैठे और आचमन कर आचार्यके चरण प्रक्षालन करे फिर रोचनाक्षत लगाय फूल माला पहिराय दाहिने हाथमें जलाक्षत पान सुपारी अंगौछा एक रुपया ले आचार्यका गोत्र नाम आदिका उच्चारण करके यह संकल्प पढे ।

ॐ विष्णोर्विष्णोर्विष्णोराद्यों नमः परमात्मने श्रीपुराणपुरुषोत्तमाय अद्य श्रीब्रह्मणो द्वितीयपरार्द्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशतिमे कलौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

युगे कलिप्रथमचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्ते पुण्यक्षेत्रे यथानामसम्वत्सरे अमुकायने अमुकऋतौ अमुकमासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुकवासरे यथा योगकरणमुहूर्तलग्नेषु यथाराशिस्थिते गुरौ यथाराशि स्थितेऽर्के यथास्थानेष्वन्यग्रहेषु एवं गुणविशेषणवि-शिष्टायां शुभपुण्यतिथौ परमेश्वराज्ञारूपसकलशास्त्र-श्रुतिस्मृतिपुराणोक्तपुण्यफलप्राप्तिकामः मम पुत्रस्यो-पनयनवेदारम्भसमावर्तनकर्म कर्तुं अमुकगोत्रं अमुक-शर्माणं अमुकशाखाध्यायिनं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचंद-नताम्बूलद्रव्यवासोभिः आचार्यत्वेन त्वामहं वृणे ॥

फिर आचार्य वरण लेके 'वृतोऽस्मि' यह कहकर अक्षत लेवे और यजमानपर छोडे तब यह पढे ।

व्रतेन दीक्षामाप्नोति दीक्षयाप्नोति दक्षिणाम् ।
दक्षिणा श्रद्धामाप्नोति श्रद्धया सत्यमाप्यते ॥ १ ॥

फिर आचार्य कांसेके पात्रमें अग्नि मंगाय पंचभूसंस्कार करे ।

तत्र कुशैर्हस्तपरिमितां चतुरस्रां भूमिं परिसमुह्य तानैशान्यां निक्षिप्य गोमयोदकेनोपलिप्य स्रुवमूलेन प्रादेशमात्रमुत्तरोत्तरक्रमेण प्रागग्रान्त्रिरुल्लिख्य उल्लेखन-क्रमेणानामिकाङ्गुष्ठाभ्यामुद्धृत्य वारिणा तं देशमभ्युक्ष्य तान्पंचभूसंस्कारान्कृत्वा लौकिकाग्निं स्थापयेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तहां हवन करनेके निमित्त एक मुट्ठीभर कुश लेके चौकोन भूमि बुहारे फिर उन कुशोंको ईशानकी ओर फेंककर वेदीको जल और गोबरसे लीपे अनन्तर वेदीको हाथसे बराबर कर खैरके स्रुवासे वेदीकी मिट्टी छीले व स्रुवासेही तीन रेखा एकसे एक उत्तरको करे और अंगूठे व छगुनीके पासकी अंगुलीसे वेदीकी थोडी मिट्टी उठाकर बाहर फेंक जल छिडक देवे इस प्रकार यह पंचभूसंस्कार करके अग्नि स्थापन करे फिर अग्निपर अक्षत छोडे और यह पढे ।

ॐ शांडिल्यगोत्र पावकनामाग्ने
इहागच्छ इहातिष्ठ ॥

फिर आचार्य प्राणायाम करे और कुमार स्नान कर पुष्पमाला पहिर पितर व देवताओंकी कोठरीमें जाय प्रणाम कर अंजुली भराय सुपारी पैसा रखकर मंडपके नीचे आवे तब आचार्य यह पढे ।

ॐ स्वस्तिन इन्द्रो वृद्धश्रवाः स्वस्तिनस्ताक्ष्र्यो अरिष्टनेमिः स्वस्तिनो बृहस्पतिर्दधातु ॥

फिर आचार्य कुमारको पटापर पूर्वमुख बिठाय अंजलीका पदार्थ ले लेवें और हाथमें जलाक्षतादि लेके यह संकल्प करे अमुकके स्थानमें कुमारका नाम लेवे।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० अस्य कुमारस्य बीजगर्भदुरितक्षयपूर्वकवेदाध्ययनादिवैदिककर्माधिकारसम्पादक-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

द्वि त्वसंसिद्धिकामोऽमुककुमारस्योपनयनमहं करिष्ये ॥

अनन्तर कुमार आचार्यके सन्मुख हाथ जोडे तब आचार्य बालकसे पूछे । ॐ ब्रह्मचर्यमागाम्–तुम ब्रह्मचारी होवोगे । तब कुमार कहे कि । ॐ ब्रह्मचर्यमागाम्–हां हम ब्रह्मचारी होंगे । अनन्तर आचार्य यह पूछे । ॐ ब्रह्मचार्य सानि–किसके ब्रह्मचारी होगे । तब कुमार यह उत्तर देवे कि । ॐ ब्रह्मचार्यसानि–हम तुमारे ब्रह्मचारी होंगे ।

अनन्तर कहीं यह भी रीति है कि आचार्यको धोतीका जोडा दिया जाता है सो संकल्प पढकर देवे फिर आचार्य कुमारको वस्त्र (कोपीन और आहत वस्त्र) पहिरावे तहां पहले विनियोग[1] करे अर्थात् हाथमें अथवा आचमनीसे जल लेके भूमिपर छोडे ।

ॐ येनेन्द्रायेत्यंगिरा ऋषिः बृहस्पतिर्देवता बृहती छन्दो वासःपरिधाने विनियोगः ॥

फिर वस्त्र पहिरावे तब यह पढे ।

ॐ येनेन्द्राय बृहस्पतिर्वासः पर्यदधादमृतं तेन त्वा परिदधाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चसे ॥

---

१ इस पुस्तकमें जहां जहां विनियोग लिखा होवे वहां वहां हाथमें जल लेके भूमिपर छोडे अथवा आचमनीसे जल भूमिपर छोडे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

फिर कुमारको दो वार आचमन कराय विनियोग करने उपरान्त कमरपर मेखला बांधे और यह पढे ।

इयं दुरुक्तमिति वामदेव ऋषिः मेखला देवता त्रिष्टुप्छन्दः मेखलाबन्धने विनियोगः ॥ इयं दुरुक्तं परिबाधमाना वर्णं पवित्रं पुनतीम आगात् । प्राणापानाभ्यां बलमादधाना स्वसादेवी सुभगा मेखलेयम् ॥ ॐ युवा सुवासा परिवीत आगात्स उ श्रेयान्भवति जायमानः । तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः ॥

तदनन्तर कुमारकी शिखाआचार्य बांधे और यह पढे

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात् ॥ ॐ मानस्तोके तनयमान आयुषि मानो गोषु मानो अश्वेषुरीरिषः । मानो वीरान् रुद्र भाविनो वधीर्हविष्मतः सदमित्त्वा हवामहे ॥

फिर कुमार अपने दाहिने हाथमें पांच वा सात जोडा जनेऊ व यथाशक्ति दक्षिणा लेके यह संकल्प पढकर ब्राह्मणोंको देवे ।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० मम ब्रह्मवर्चसकामनया एतानि यज्ञोपवीतानि सफलानि सदक्षिणानि बृहस्पतिदैवतानि नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यो दातुमहमुत्सृजे॥

---

१ रज्जुः षोडशहस्तः स्यात्पंचहस्तस्तु मेखला ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनन्तर कुमारके हाथसे सब वस्तु लेके ब्रह्मणोंको देवे यहां ब्राह्मणोंको अष्ट भाजन देते हैं सो संकल्प यह है ।

ॐ तत्सदद्यामुकगोत्रोऽमुकशर्माहं स्वकीयोपनयनकर्म नपयकसंस्कारप्राप्त्यर्थमिदं भाण्डाष्टतयं सयज्ञोपवीतं सदक्षिणां नानानामगोत्रेभ्यो ब्राह्मणेभ्यः सम्प्रददे ॥

फिर आचार्य कुमारको यज्ञोपवीत पहिरावे तहां पहले विनियोग करे । यज्ञोपवीत पहिराते समय यह पढे ।

ॐ यज्ञोपवीतमिति परमेष्ठी ऋषिर्लिंगोक्ता देवता त्रिष्टुप्छन्दः यज्ञोपवीतपरिधाने विनियोगः ॥ ॐ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् । आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुंच शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः ॥

अनन्तर कुमारको दो वार आचमन कराय विनियोगके उपरान्त मृगचर्म पहिरावे तब यह पढे ।

ॐ मित्रस्य चक्षुरिति विश्वामित्र ऋषिर्वरुणो देवता शक्वरी छन्दः कृष्णाजिनपरिधाने विनियोगः ॥

ॐ मित्रस्य चक्षुर्द्धरुणं बलीयस्तेजो यशस्वि स्थविरं समिद्धम् । अनाहनस्यं वसनं जरिष्णु परीदं वाज्यजिनं दधेहि ॥

फिर नीचे लिखे वचनको पढकर विनियोगपूर्वक ब्रह्मचारीके केशपर्यन्त ढाकका दंड देवे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ॐ यो मे दंड इति प्रजापति ऋषिर्दंडो देवता यजुः दंडपरिग्रहणे विनियोगः ॥

ॐ यो मे दण्डः परापतद्वैहायसोधिभूम्याम् । तमहं पुनरादद आयुसे ब्रह्मणे ब्रह्मवर्चसाय ॥

फिर कुमारके दोनों हाथोंमें जल भराय आचमनीसे जल लेके पहले विनियोग करे भूमिपर जल छोडकर सात मंत्र पढकर कुशोंसे जल लेके कुमारके शिरपर छिडके आठवां मंत्र पढकर भूमिपर छिडके फिर नवां मंत्र पढकर शिरपर छिडके ।

आपोहिष्ठेत्यादीनां सिन्धुद्वीपऋषिः आपो देवता गायत्री छन्दः शिरोऽभिषेचने विनियोगः ॥

ॐ आपोहिष्ठामयो भुवः १ । ॐ तान ऊर्जे दधातनः २ । ॐ महेरणाय चक्षसे ३ । ॐ योवः शिवतमो रसः ४ । ॐ तस्य भाजयते हनः ५ । ॐ उशतीरिव मातरः ६ । ॐ तस्माअरंग मामव ७ । ॐ यस्य क्षयाय जिन्वथ ८ । ॐ आपोजनयथाचनः ९ ॥

फिर विनियोग करके सूर्यको प्रणाम करे तब यह पढे ।

ॐ तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीना स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥

फिर विनियोग करके आचार्य अपने दाहिने हाथसे कुमारके दाहिने कांधेको छूकर हृदयको छुवे तब यह पढे ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

ॐ मम व्रते ते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तं तेऽस्तु । मम वाचमेकमना जुषस्व । बृहस्पतिस्त्वा नियुनक्तु मह्यम् ॥

फिर कुमारका दाहिना हाथ पकडकर आचार्य पूछे । को नामासि—क्या नाम है तुम्हारा तब बालक उत्तर देवे कि । श्रीअमुकशर्माहं भो । यहां अमुकके स्थानमें अपना नाम लेवे । फिर आचार्य यह कहे कि । कस्यब्रह्मचार्यसि-किसके ब्रह्मचारी हो । तब कुमार कहे । भवतः—तुमारे । फिर अमुकके स्थानमें अपना नाम लेकर आचार्य यह कहे ।

इन्द्रस्य ब्रह्मचार्यसि अग्निराचार्यस्तवाहमाचार्यः श्रीअमुकशर्माहं भो ॥

फिर कुमार दोनों हाथ जोडे । तब आचार्य कुमारके हाथ पूर्वकी ओर बढाकर यह पढे । ॐ प्रजापतये त्वा परिददामि । फिर दक्षिणकी ओर हाथ बढाय यह पढे । ॐ देवाय त्वा सवित्रे परिददामि । फिर पश्चिमकी ओर हाथ करके यह पढे । ॐ अद्भ्यस्त्वौषधीभ्यः परिददामि । एवं उत्तरकी ओर हाथ बढावे तब यह पढे । ॐ द्यावापृथिवीभ्यां त्वा परिददामि । एवं नीचे भूमिकी ओर हाथ करके यह पढे । ॐ विश्वेभ्यो देवेभ्यस्त्वा परिददामि । फिर ऊपरको हाथ करे तब यह पढे । ॐ सर्वेभ्यस्त्वा भूतेभ्यः परिददाम्यरिष्ट्यै ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तदनन्तर बालक अग्निकी प्रदक्षिणा कर आचार्यके समीप बाईं ओर बैठ जावे और जिसको ब्रह्मा बनाना हो उसके तीन बार चरण प्रक्षालन करे और रोचना लगाय फूलमाला पहिराय दाहिने हाथमें जलाक्षत सुपारी पान दक्षिणा लेके यह संकल्प पढ ब्रह्माको देवे ।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० अद्य कर्तव्यप्रथमोपनयनहोमकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्म कर्तुममुकगोत्रममुकशर्माणं ब्राह्मणमेभिः पुष्पचन्दनताम्बूलपूगीफलद्रव्यवासोभिर्ब्रह्मत्वेन त्वामहं वृणे ॥

कुमारसे वरण लेके ब्रह्मा यह कहे । ॐ वृतोस्मि । फिर होताके चरण प्रक्षालन कर तिलक लगाय दक्षिणादि हाथमें ले संकल्प पढे ।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० अद्यकर्तव्येति० होतृत्वेन त्वामहं वृणे । कुमारसे वरण लेके होता ॐस्वस्ति यह कहे । फिर ब्रह्मा और होतासे आचार्य पृथक् पृथक् यह कहे । ॐयथाविहितं कर्म कुरु—अपने योग्य कर्म करो । यह सुन ब्रह्मा और होता पृथक् पृथक् उत्तर देवे । ॐकरवाणि-करेंगे ।

तदनन्तर आचार्य अग्निसे दक्षिण आसन बिछाय उसपर पश्चिम ओर कुशोंकी जड करके बिछा देवे और ब्रह्माको अग्निकी प्रदक्षिणा कराय यह वाक्य कहे । अस्मिन्कर्मणि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्वं मे ब्रह्मा भव—इस कर्ममें तुम हमारे ब्रह्मा होओ । तब ब्रह्मा यह कहे । भवानि—हुए ।

अथ कुशकंडिकाकृत्य !

उदुपरि ब्रह्माणमुदङ्मुखमुपवेशयेत् ततः प्रणीतापात्रं पुरतः कृत्वा वारिणा परिपूर्य कुशैराच्छाद्य ब्रह्मणो मुखमवलोक्याग्नेरुत्तरतः कुशोपरि निदध्यात् ॥

तिस पीछे ब्रह्माको उत्तरमुख बिठावे तदनन्तर आचार्य काठके बने हुए प्रणीतापात्रको सामने रख जलसे भरकर (इक्यासी) कुशोंसे आच्छादन (झांप) कर ब्रह्माका मुख देखकरके अग्निसे उत्तरकी ओर दो कुशोंको डाले उन्हीं कुशोंपर प्रणीताको धरे ।

ततः परिस्तरणं बर्हिषश्चतुर्थभागमादायाग्नेयादीशानान्तं ब्रह्मणोऽग्निपर्यन्तं नैर्ऋत्याद्वायव्यान्तं अग्नितः प्रणीतापर्यन्तं ततोऽग्नेरुत्तरतः पश्चिमदिशि पवित्रच्छेदनार्थं कुशत्रयं पवित्रकरणार्थं साग्रमनन्तगर्भकुशद्वयं प्रोक्षणीपात्रमाज्यस्थालीसंमार्जनार्थं कुशाः उपयमनकुशाः समिधस्तिस्रः स्रुवः आज्यं षट्पंचाशदुत्तरवार्यमुष्टिशतद्वयावच्छिन्नामतण्डुलपूर्णपात्र । पवित्रच्छेदनकुशानां पूर्वपूर्वदिशि क्रमेणासादनीयम् ॥

तदनन्तर प्रणीतापात्रसे इक्कीस कुशोंको लेके एक हाथमें रख बीस कुशोंको दक्षिण व पूर्वके बीचसे उत्तर और पूर्वके बीचतक और फिर बीसही कुशोंको दक्षिण व पश्चिमके बी-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

चसे उत्तर पश्चिमके बीचतक वेदीके किनारे २ बिछावे, तथा बीसही कुशोंको लेकर ब्रह्मासे अग्नितक व बीस कुशोंको अग्निसे प्रणीतातक बिछावे फिर अग्निसे उत्तरकी ओर तीन पवित्र छेदन नामके कुशोंको रक्खे और अग्निसे पश्चिमकी ओर पवित्र नामके दो कुशोंको रक्खे और घी व खीरके पात्रोंको पोंछनेके निमित्त पांच कुशोंको व उपयमन नामके सात कुशोंको धरे और अंगूठेसे छँगुनियां तककी ढांककी तीन समिधा व खैरका स्रुवा व गौका घी और दो सौ मुट्ठी (साढे सात सेर) चावलोंसे भरा हुआ पूर्ण पात्र इन सबको पवित्र छेदन कुशोंसे क्रमपूर्वक एक एक करके पूर्वकी ओरको रक्खे ।

तत्र पवित्रच्छेदनकुशैः पवित्रे छित्त्वा सपवित्रकरेण प्रणीतोदकं त्रिः प्रोक्षणीपात्रे निधायानामिकांगुष्ठाभ्यां गृहीत्वा पवित्राभ्यां तज्जलं किंचित्त्रिरुत्क्षिप्य प्रणीतोदकेन प्रोक्षणीं त्रिरभिषिच्य । प्रोक्षणीजलेन सादितवस्तुसेचनं कृत्वाऽग्निप्रणीतयोर्मध्ये प्रोक्षणीपात्रं निदध्यात् ॥

फिर पवित्रछेदन नामक तीन कुशोंसे पवित्र नामके दोनों कुशोंको काटे और पवित्र छेदन कुशोंको फेंककर पवित्रकुशोंसे प्रणीताके जलको तीन वार प्रोक्षणीपात्रमें छिडककर पात्रको भर लेवे फिर उन्हीं कुशोंको दाहिने हाथके अँगूठेसे छँगुनियाके पासकी अंगुलीमें व प्रोक्षणीपात्रको वायें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

हाथमें रख व उन्हीं कुशोंसे प्रोक्षणीपात्रके जलको सब रक्खी हुई सामग्रियोंमें छिडकके प्रणीता और अग्निके बीचमें प्रोक्षणीपात्रको रख देवे ।

तत आज्यस्थाल्यामाज्यनिर्वापोऽधिश्रयणं ततः कुशं प्रज्वाल्याज्यस्याग्नेश्चोपरि प्रदक्षिणं भ्रामयित्वा वह्नौ तत्प्रक्षिप्य स्रुवं त्रिः प्रतप्य संमार्जनकुशानामग्रैरन्तरतो मूलैर्बाह्यतः स्रुवं सम्मृज्य प्रणीतोदकेनाभ्युक्ष्य पुनस्त्रिः प्रतप्याग्नेर्दक्षिणतो निदध्यात् ॥

तदनन्तर घी छोडनेके निमित्त रक्खे हुए पात्रमें घी छोडे एवं खीरके निमित्त रक्खे हुए पात्रमें खीर छोडे और घीके पात्रको वेदीकी अग्निमें रखकर गरम करे और अग्निहीमें रक्खे हुए घीके ऊपर एक कुशा अथवा किसी एक खरको जलाय दाहिनी ओरसे घुमाकर अग्निमें छोड देवे फिर स्रुवाको अग्निमें तीन वार तपाकर संमार्जन नामके पांच कुशोंके आगेसे स्रुवाके आगेको व कुशोंके बीचसे स्रुवाके बीचको कुशोंके नीचेसे स्रुवाके नीचेको पोंछकर प्रणीताके जलसे सेचन कर अग्निमें तीन वार तपाय उसको दक्षिणकी ओर रख देवे ।

ततः आज्यमग्नेरवतार्य त्रिः प्रोक्षणीवदुत्पूयावेक्ष्य सत्यपद्रव्ये तन्निरस्य पुनः प्रोक्षण्युत्पवनम् तत उत्थायोपयमनकुशान् वामहस्ते कृत्वा प्रजापतिं मनसा ध्यात्वा तूष्णीं घृताक्तास्तिस्रः समिधोऽग्नौ प्रक्षिपेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

फिर घीको अग्निसे उतारकर उसमेंसे मैलको निकाल डाले और जैसा प्रोक्षणीपात्र बना है उसी अनुसार घीको हिलावे फिर उपयमन नामके सातों कुशोंको वायें हाथमें लेके अग्निको देख ब्रह्माको मनमें ध्याय खडे हो तीनों ढांककी समिधायें एक एक करके घीमें डुबोय चुपचाप अग्निमें हुत देवे।

पुनरुपविश्य सपवित्रप्रोक्षण्युदकेन प्रदक्षिणक्रमेणाग्निमुदक्संस्थं पर्युक्ष्य प्रणीतापात्रे पवित्रे निधाय प्रोक्षणीपात्रं विसर्जयेत् । ततः पातितदक्षिणजानुर्ब्रह्मणान्वारब्धः समिद्धतमेऽग्नौ स्रुवेणाज्याहुतीर्जुहुयात । तत्र तत्तदाहुत्यनन्तरं स्रुवावस्थितघृतशेषस्य प्रोक्षणीपात्रे प्रक्षेपः ॥

फिर बैठकर कुशोंसहित प्रोक्षणीके जलको प्रदक्षिणक्रमसे ईशानकोणसे लेके दक्षिणदिशातक अग्निके सब ओर सेचन करे अर्थात् प्रोक्षणीपात्रका सब जल पर्युक्षणमें गिरा देवे और प्रणीतापात्रमें दोनों पवित्र रखकर प्रोक्षणीपात्रका विसर्जन करे तदनन्तर दाहिनी जांघको झुकाकर अर्थात् दाहिने घोटूको भूमिपर टेकके ब्रह्मासे अन्वारब्ध हुआ ब्रह्मचारी अथवा वेदोक्त वचन व मंत्रोंसे प्रज्वलित अग्निमें घीकी आहुति देवे वहां आहुति देनेके अनन्तर स्रुवामें जो घृतबिन्दु बचे उसको प्रोक्षणीपात्रमें डालता जावे ।

प्रजापतिका ध्यान धर पूर्वाघारकी आहुति चुपचाप देवे।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

त्याग सबका ब्रह्मचारी स्वयं बोलता जाय। दो आहुति अघारकी, दो आज्यभागकी, तीन महाव्याहृतियोंकी और पांच सर्वप्रायश्चित्तकी तथा दो प्राजापत्य और स्विष्टकृतकी ये सब मिलाय १४ आहुतियां त्यागोंसहित देवे, फिर संस्रव प्राशन करे। यदि ब्रह्मचारीको ठीक ठीक मंत्र और विनियोग न आता हो तो आचार्य आदि कोई प्रतिनिधि होकर होमादि करे तहां पहले गणेशादिककी पूजाके निमित्त संकल्प करे।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० अस्योपनयनकर्मणः निर्विघ्नपरिसमाप्त्यर्थं गणेशवरुणगौरीणां पूजनमहं करिष्ये॥

यह संकल्प करके गणेश गौरी वरुणकी पूजा करे। आगे हवन कहते हैं तहां दो आहुति अग्निके दक्षिण ओर छोडे।

ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये न मम। इति मनसा। ॐ इन्द्राय स्वाहा इदमिन्द्राय न मम। इत्याघारौ॥

फिर अग्निके उत्तर आहुति देवे तब यह पढे।

ॐ अग्नये स्वाहा इदमग्नये न मम। ॐ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय न मम। इत्याज्यभागौ॥

फिर अग्निके बीचमें आहुतियां छोडे।

ॐ भूः स्वाहा इदमग्नये न मम। ॐ भुवः स्वाहा इदं वायवे न मम। ॐ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय न मम। एता महाव्याहृतयः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

फिर आचमनीसे जल लेके भूमिपर छोडे और विनियोग पढे। जहां २ विनियोग है वहां २ जल छोडना ।

ॐ त्वन्नोऽग्न इति वामदेव ऋषिः अग्नीवरुणौ देवता त्रिष्टुप्छन्दः प्रायश्चित्तहोमे विनियोगः ॥

फिर आहुति देवे तब यह पढे ।

ॐ त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडोऽअवयासिसीष्ठाः यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वाद्वेषाꣳसिप्रमुमुग्धस्मत् स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्यां न मम ॥

एवं आगे लिखी आहुतियां देवे और विनियोग पढ पढ भूमिपर जल छोडता जाय ।

ॐ तत्त्वन्नोऽग्न इति वामदेव ऋषिः अग्नीवरुणौ देवते त्रिष्टुप्छन्दः होमे विनियोगः । ॐ सत्वन्नो अग्ने वमोभवोतीनेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अवयक्ष्वनो वरुणꣳरराणो वीहिमृडीकꣳसुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नीवरुणाभ्याम् ॥ अयाश्चाग्न इति वामदेवऋषिः अग्निर्देवता त्रिष्टुप्छन्दः होमे विनियोगः । ॐ अयाश्चाग्नेस्यनभिशस्तिपाश्च सत्त्वमित्त्वमयाअसि । अयानो यज्ञं वहास्यययानोधेहि भेषजꣳ स्वाहा इदमग्नये ॥ ॐ येतेशतमिति वामदेव ऋषिः वरुणः सविता विष्णुर्विश्वे मरुतः स्वर्का देवताः त्रिष्टुप्छन्दः होमे विनियोगः । ॐ येते शतं वरुणं ये सहस्रं यज्ञियाः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पाशा वितता महान्तस्तेभिर्नो अद्य सवितोतविष्णुर्विश्वे मुंचन्तु मरुतः स्वर्का स्वाहा। इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यः॥ उदुत्तममिति शुनःशेफ ऋषिर्वरुणो देवता त्रिष्टुप्छन्दः पाशान्मोके विनियोगः। ॐ उदुत्तमं वरुणपाशमस्मदवाधमं विमध्यम ९ श्रथाय अथा वयमादित्यव्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा॥ इदं वरुणादितये॥ एताः सर्वप्रायश्चित्ताहुतयः॥ ॐ प्रजापतये स्वाहा इदं प्रजापतये। ॐ अग्नये स्विष्टकृते स्वाहा इदमग्नये स्विष्टकृते॥

फिर प्रोक्षणीपात्रमें छोडे हुए घीको देहमें लगा लेवे और आचमन कर हाथमें जलाक्षत सुपारी पान दक्षिणा व चावलोंसे भरे हुए पूर्णपात्रको लेके ब्रह्माको देवे। पहले यह पढे।

ॐ तत्सदद्येत्यादि० कृतैतदुपनयनकर्मणि कृताकृतावेक्षणरूपब्रह्मकर्मप्रतिष्ठासिद्धयर्थमिदं पूर्णपात्रं प्रजापतिदैवतं अमुकगोत्रायामुकशर्मणे ब्राह्मणाय तुभ्यमहं सम्प्रददे॥

फिर पूर्णपात्रको लेके ब्रह्मा 'ॐ स्वस्त्यस्तु' यह कहे। अनन्तर पवित्र नामके कुशोंसे प्रणीतापात्रके जलको आचार्य कुमारके शिरपर छिरके और यह पढे।

ॐ सुमित्रियान आप ओषधयः सन्तु॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

फिर पूर्व उत्तरके बीचमें प्रणीतापात्रको औंधा कर रख देवे तव यह पढे।

ॐ दुर्मित्रियास्तस्मै सन्तु योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मः॥

फिर पवित्रोंको बिछाये हुए कुशोंमें मिला देवे और जिस क्रमसे कुश बिछाये थे उसी क्रमसे पवित्रोंसहित उठाकर कुशोंमें घी लगाय हाथोंहीसे कुशोंका होम कर देवे और यह पढे।

ॐ देवा गातु विदो गातुं वित्त्वागातुमितमनसस्पत इमं देवयज्ञ ꣳ स्वाहावातेधाः स्वाहा। इदं वाताय न मम॥

अनन्तर आचार्य कुमारको यह शिक्षा करे। ॐ ब्रह्मचार्यसि–तुम ब्रह्मचारी हो अर्थात् तुमने ब्रह्मचर्य धारण किया। तब कुमार यह कहे। ॐ भवामि–मैं ब्रह्मचारी हूं।

फिर आचार्य कहे कि। ॐ आपोशान–तुम आपोशानक्रियासे भोजन करना। आपोशानक्रियासे अन्नभक्षणकी यह रीति है कि भोजनके समय पहले अन्नके पात्रको जलसे पवित्र करना और यह पढना। अमृतोपस्तरणमसि। फिर तीन ग्रास नीचे लिखे मंत्रको पढके पृथ्वीपर रखना। ॐ भूपतये स्वाहा। ॐ भुवनपतये स्वाहा। ॐ भूतानां पतये स्वाहा। फिर जल छोडकर घी मिले हुए अन्नकी पांच

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

आहुति मुखमें डालनी तब यह पांच मंत्र पढना। ॐ प्राणाय स्वाहा १। ॐ अपानाय स्वाहा २। ॐ उदानाय स्वाहा ३। ॐ व्यानाय स्वाहा ४। ॐ समानाय स्वाहा ५। फिर मौन हो यथारुचि भोजन करके हाथमें जल लेके पृथ्वीपर छोड देवे और यह पढे। ॐ अमृतापिधानमसि। यही आपोशानक्रिया है।

तब कुमार यह उत्तर देवे। ॐ अशानि—ऐसाही करूंगा। फिर आचार्य बालकसे यह कहे। कि। ॐ कर्म कुरु—तुम कर्म करनेके अधिकारी हुए हो सो स्नान सन्ध्योपासनादि अपना शास्त्रोक्त कर्म करो। तब बालक यह उत्तर देवे कि ॐ करवाणि—मैं कर्म करूंगा। फिर आचार्य यह शिक्षा करे कि। ॐ मादिवा सुषुस्व—दिनके समय शयन नहीं करना। तब कुमार कहे। ॐ न स्वपामि—नहीं सोऊंगा। फिर आचार्य कहे। ॐ वाचं यच्छ—मिथ्या बोलनेसे वाणीको रोकना अथवा उचित समयमें मौन धरना। तब कुमार करे। ॐ यच्छामि—वाणीको रोकूंगा। फिर आचार्य कहे। ॐ समिधमाधेहि—नित्य समिधादान करना। तब बालक कहे। ॐ आदधामि—नित्य समिधा लाऊंगा। फिर कुमार आचार्यका बायां चरण बायें हाथसे और दाहिने हाथसे दाहिना चरण स्पर्श करे और गायत्री मंत्र सुननेकी अभिलाषासे आचार्यकी ओर देखे। आचार्य कुमारकी ओर देखे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

और घंटा शंख आदि शब्दको निवारण करके गायत्रीमंत्र सुनानेके निमित्त वस्त्र लेके आधा वस्त्र अपने शिरपर और आधा वस्त्र कुमारके शिरपर डालके तीन वारमें पूर्ण गायत्री मंत्र सुनावे तहां पहले हाथमें जल लेके भूमिपर छोडना और यह पढना ।

ॐ भूर्भुवः स्वः इति प्रजापति ऋषिः अग्निवायु सूर्यो देवता गायत्र्युष्णिगनुष्टुछन्दा ंसि गायत्रीदाने विनियोगः ॥

नीचे लिखे अनुसार गायत्री सुनाना और कुमारसेभी कहाते जाना । प्रथम वार ॐ भूर्भुः स्वः तत्सवितुर्वरे-ण्यम् । ऐसे शुद्ध उच्चारण कराय द्वितीयवार ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्य भर्गोदेवस्य धीमहि । फिर तीसरी वार ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीम-हि धियो यो नः प्रचोदयात् ॥

अथ गायत्रीमंत्रव्याख्या ।

तत् (यस्य) तं भर्ग (तेजः) वयं धीमहि चिंत-यामः किंभूतस्य तस्य सवितुः (सर्वभूतानां प्रसवि-तुः) पुनः किंभूतस्य देवस्य (दीप्तिक्रीडायुक्तस्य) यो भर्गो नोऽस्माकं धियो (बुद्धीर्धर्मार्थकाममोक्षेषु) प्रचो-दयात् (नियोजयति) पुनः किंभूतं वरेण्यम् (वरणीयं जन्ममृत्युदुःखादिनाशाय ध्यानेनोपासनीयमित्यर्थः)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

पुनः किंभूतोऽसौ भर्गः भूर्भुवःस्वः (भूर्लोकान्तरिक्ष लोकस्वर्गलोकस्वरूपः) ॥

तिस ब्रह्मके तेजका हम ध्यान करते हैं । कैसा ब्रह्म है कि सब जीवोंका उत्पन्न करनेवाला है । फिर ब्रह्म कैसा है कि देव है अर्थात् प्रकाशवान् है जो तेज हम लोगोंकी बुद्धिको धर्म अर्थ काम मोक्षमें युक्त करता है । फिर कैसा है तेज कि भूलोक अन्तरिक्षलोक और स्वर्गलोकस्वरूप है । गायत्री मंत्रके आदिमें जो ओंकार है सो ओम् यह परमात्माका मुख्य नाम है ।

गायत्रीमंत्र सुननेके उपरान्त शिरपर रक्खे हुए उस नवीन वस्त्रको दक्षिणासहित लेके कुमार आचार्यको देवे और प्रणाम करे फिर विनियोग करे ।

ॐ अग्ने सुश्रुव इत्यादीनां ब्रह्मा ऋषिः अग्निर्देवता यजूंषि अग्निसमिन्धने विनियोगः ॥

फिर बिनुआ कंडे घीमें डुबो डुबोकर अग्निमें छोडे और यह पढे ।

ॐ अग्ने सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु १ । ॐ यथात्वमग्ने सुश्रवः सुश्रव असि २ । ॐ एवं मां सुश्रवः सौश्रवसं कुरु ३ । ॐ यथा त्वमग्ने देवानां यज्ञस्य निधिपा असि ४ । ॐ एवमहं मनुष्याणां वेदस्य निधिपो भूयास ॐ स्वाहा ॥ ५ ॥

यही समिधादान है जो पूर्व कह आये हैं कि नित्य समिधादान करना । जब अग्नि प्रदीप्त हो जावे तब कुमार

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

दाहिने हाथमें जल लेके पूर्व व दक्षिणके वीचसे दाहिनी ओर अग्निके चौगिर्द घुमाकर छोड देवे । फिर आचमनीसे जल लेके भूमिपर छोडे ।

ॐ अग्नय इति प्रजापति ऋपिः आकृतिः छन्दः समिद्देवता समिधादाने विनियोगः ॥

फिर कुमार ढाककी एक समिधा लेके घीमें डुवोय कानमें लगाय अग्निमें छोड देवे तीन समिधा छोडे । कानमें लगाते समय यह पढे ।

ॐ अग्नये समिधमाहार्षं बृहते जातवेदसे यथा त्वमग्ने समिधा समिध्यस एवमहमायुषा मेधया वर्चसा प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेन समिन्धे जीव पुत्रो ममाचार्यो मेधाव्यहमसान्यनिराकरिष्णुर्यशस्वी तेजस्वी ब्रह्मवर्चस्यन्नादो भूयास ँ स्वाहा ॥

इस प्रकार तीन समिधाओंको पृथक् पृथक् हुतकर वैठ जावे और विनुआ कंडेको घीमें डुवो डुवोकर एक एक मंत्रको पढकर अग्निमें छोडे ।

ॐ अग्ने सुश्रवः सुश्रवसं मा कुरु १ । ॐ यथा त्वमग्ने सुश्रव सुश्रवा असि २ । ॐ एवं मां सुश्रवः सौश्रवसं कुरु ३ । ॐ यथा त्वमग्ने देवानां यज्ञस्य निधिपा असि ४ । ॐ एवमहं मनुष्याणां वेदस्य निधिपो भूयास ँ स्वाहा ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनन्तर नीचे लिखे हुए मंत्रको पढकर भूमिपर जल छोडे।

ॐ तनूपा अग्नय इत्यादीनां बृहद्देवता ऋषयःअग्नि-र्देवता यजुर्मुखमार्जने विनियोगः ॥

फिर प्रज्वलित अग्निमें दोनों हाथोंको तपाय तपाय फिर एक एक मंत्रसे मुखपर फेरे ।

ॐ तनूपा अग्नेऽसि तन्वं मे पाहि १ । ॐ आयुर्दा अग्नेस्यायुर्मे देहि २ । ॐ वर्चोदा अग्नेऽसि वर्चो मे देहि ३ । ॐ अग्ने यन्मे तन्वा ऊनं तन्म आपृण ४ । ॐ मेधां मे देवः सविता आदधातु ५ । ॐ मेधां मे देवी सरस्वती आदधातु ६ । ॐ मेधां मेऽश्विनौ देवा बाधत्तां पुष्करस्रजौ ॥ ७ ॥

फिर बालक आगे लिखे मंत्रको पढकर अपना सब अंग छुवे । ॐ अंगानि च म आप्यायताम् । फिर मुख छुवे तब यह पढे । ॐ वाक् च म आप्यायताम् । नासिका छुवे तब यह पढे । ॐ प्राणश्च म आप्यायताम् । फिर नेत्रोंको छुवे तब यह पढे । ॐ चक्षुश्च म आप्यायताम् । कानोंको छुवे तब यह पढे । ॐ श्रोत्रं च म आप्यायताम । फिर भुजाओंको छुवे तब यह पढे । ॐयशो बलं च म अप्यायताम्। फिर आचमनीसे जल लेके भूमिपर छोडे तब यह पडे । त्र्यायुषमिति नारायण ऋषिरुष्णिक् छन्दः अग्नि-र्देवता त्र्यायुषकरणे विनियोगः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

अनन्तर हवनकी अग्निमेंसे स्रुवासे भस्म लेके दाहिने हाथकी छँगुनियाके पासकी अँगुली (अनामिका) से मस्तकपर भस्म लगावे और यह पढे । ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः । फिर ग्रीवामें भस्म लगावे तब यह पढे । ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषम् । फिर दाहिनी भुजामें लगावे तब यह पढे । ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषम् । फिर हृदयमें लगावे तब यह पढे । ॐ तन्नो अस्तु त्र्यायुषम् ॥

फिर दोनों हाथ जोड भूमिपर शिर झुकाय कुमार अग्निको प्रणाम करे पहले असुकके स्थानमें अपना गोत्र दूसरे असुकके स्थानमें अपना नाम उच्चारण करे ।

अमुकगोत्रोत्पन्नोऽमुकशर्माहं भो अग्ने त्वामभिवादये । इसी प्रकार आचार्यको प्रमाण करे अमुकगोत्रोत्पन्नोऽमुकशर्माहं भो भवन्तमभिवादये । तब आचार्य आशीर्वाद देवे कि । आयुष्मान् विद्यावान् भव सौम्य । एवं ब्रह्मा आदि सब ब्राह्मणोंको कुमार प्रणाम करे और वे सब कुमारको आशीर्वाद देवें ।

फिर कुमारकी माता अपने पतिके समीप दक्षिणभागमें बैठ गांठ जोड भीखीका सब सामान मँगाय संकल्प कर चार वा पांच ब्राह्मणोंका वरण कर बालकके चरण प्रक्षालन कर रोचना लगाय अक्षत चिपकाय फूलमाला पहिराय देवे अनन्तर कुमार अपने दोनों हाथोंमें तांबेका अथवा पत्तोंका पात्र लेके खडा होवे और यह कहे । ॐ भवति मातर्भिक्षां मे देहि ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तब माता खडी होके पतिके हाथमेंके सूपमेंसे दक्षिणा लेके कुमारके पात्रमें छोड देवे तब बालक यह कहे । ॐ स्वस्ति । अनन्तर उस सूपकोभी खंभहीमें लगाकर रख देवे । दूसरा जो कोई भिक्षा देवे तो कुमार 'भवति भिक्षां देहि स्वस्ति' ऐसा कहे ।

यहां जो पात्रसमेत भिक्षा हो तो 'करं विहाय स्वस्ति' ऐसा कहे । और जो पात्रमेंका पदार्थही भिक्षामें हो तो 'करपात्रं विहाय स्वस्ति' ऐसा कहे ।

प्रायः यहां यह रीति है कि कुमारभी बैठा रहता है और माताभी बैठी रहती है और भीखीका सामान माता पिता अपने हाथमें लेते हैं तब कुमारभी अपना हाथ उसमें लगाता है और यह कहता है अथवा पंडित कहलवा देता है कि । ॐ भवति मातर्भिक्षां मे देहि करं विहाय स्वस्ति । दूसरे लोगोंके भिक्षामें 'करपात्रं विहाय स्वस्ति' ऐसा कहा जाता है। यहां विशेषता यह है कि ब्राह्मण ब्रह्मचारी हो तो 'भवति भिक्षां देहि' ऐसा कहे। यदि क्षत्रिय हो तो 'भिक्षां भवति देहि' वैश्य हो तो 'भिक्षां देहि भवति' तीनों वर्णोंमें क्रमसे आदि मध्य और अन्तमें भवति शब्द उच्चारण करे । कहीं ऐसीभी रीति है कि यदि ब्राह्मणकुमार पुरुषसे भिक्षा मांगे तो 'भवान् भिक्षां ददातु' स्त्रीसे भिक्षा मांगे तो 'भवति भिक्षां ददातु' ऐसा कहे और यदि क्षत्रियकुमार पुरुषसे भिक्षा मांगे तो 'भिक्षां भवान् ददातु' स्त्रीसे भिक्षा मांगे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

तो 'भिक्षां भवती ददातु' वैश्यकुमार पुरुषसे भिक्षा मांगे तो 'भिक्षां ददातु भवान्' स्त्रीसे मांगे तो 'भिक्ष ददातु भवती' भिक्षा मिलने उपरात उस भिक्षाको कुमार आचार्यके आगे रक्खे और यह कहे। इयं भिक्षा मया लब्धा ॥

फिर आचार्य सुपारी, पान, फूल, चन्दन, घी स्रुवामें रखके बालक अपने दाहिने हाथमें लेके पूर्णाहुति देवे तब यह पढे ।

ॐ मूर्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आजातमग्निं कवि ँ सम्राजमतिथिं जनानामासन्नापात्रं जनयन्त देवाः स्वाहा इदमग्नये ॥

तदनन्तर स्रुवासे भस्म लेके दाहिने हाथकी छँगुनियाके पासकी अंगुली (अनामिका) से मस्तकपर भस्म लगावे तब यह पढे। ॐ त्र्यायुषं जमदग्नेः। फिर ग्रीवामें भस्म लगावे तब यह पढे। ॐ कश्यपस्य त्र्यायुषम् । फिर दक्षिणभुजामें लगावे तब यह पढे। ॐ यद्देवेषु त्र्यायुषम् । फिर हृदयमें भस्म लगावे तब यह पढे। ॐ तत्ते अस्तु त्र्यायुषम् ॥

अब ब्रह्मचारीके नियम लिखते हैं।

अथ क्षारलवणमधुमांसादिनिवृत्तिः उद्धृतजलस्नानदंडकृष्णाजिनधारणवृक्षारोहणविषमभूमिलंघननग्नस्त्रीनिरीक्षणस्त्रीसंभोगव्यसनव्यावृत्तिरूपाब्रह्मचारिणो नियमाः । तद्दिने ब्रह्मचारी वाग्यतोहःशेषं स्थितं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

गमयेत् ततः सायंसन्ध्यां कृत्वा तस्मिन्नेवाग्नौ पूर्ववत् पर्युक्षणपरिसमूहनं कृत्वा वाचं विसृजेत् । परिसमूहनान्ते शुष्कानि पिद्धेतरेन्धनस्याग्नौ प्रक्षेपः ततः सन्ध्यामुपास्य प्रतिदिनं सायं प्रातरपि ब्रह्मचारिणा कर्तव्या ॥

अनन्तर खारी लवण शहत और मांस आदि ब्रह्मचारी नहीं खावे और जलको अलग निकालकर स्नान नहीं करे और दंड मृगचर्मको धारण करना, वृक्षपर चढना ऊंची नीची भूमिमें कूदना, नग्न स्त्रीका देखना, स्त्रीसंग, जुवां आदि व्यसन इन सबको ब्रह्मचारी त्याग देवे। ये ब्रह्मचारीके नियम हैं । उसी दिन ब्रह्मचारी मौन रहकर शेष दिन व्यतीत करे तदनन्तर सायंकालकी संध्या करके उसी अग्निमें पहलेकी नाई पर्युक्षण और परिसमूहन करके मौन त्यागकर बोले। फिर परिसमूहनके अंतमें सूखे उत्तम ईंधनको अग्निमें छोडे तिस पीछे संध्योपासन करे प्रातःकाल और सायंकालकी संध्या प्रतिदिन करे।

तथा मनुः । वर्जयेन्मधु मांसं च गन्धं माल्यं रसान् स्त्रियः ॥ शुक्तानि यानि सर्वाणि प्राणिनां चैव हिंसनम् ॥ १ ॥ अभ्यङ्गमञ्जनं चाक्ष्णोरुपानच्छत्रधारणम् ॥ कामं क्रोधं च लोभं च नर्तनं गीतवादनम् ॥ २ ॥ द्यूतं च जनवादं च परिवादं तथाऽनृतम् ॥ स्त्रीणां च प्रेक्षणालम्भमुपघातं परस्य च ॥ ३ ॥ एकः शयीत सर्वत्र न रेतः स्कन्दयेत्क्वचित् ॥ कामाद्धि स्कन्दयन् रेतो हिनस्ति व्रतमात्मनः ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri.Funding: MIDF

मनुस्मृतिका वचन है कि, ब्रह्मचारी शहत और मांस नहीं खाय, इतर आदि सुगन्ध नहीं लगावे, फूल आदि माला नहीं पहिरे, लवण आदि रस नहीं खावे, स्त्रियोंका संग नहीं करे, बासी अन्न आदि नहीं खावे, जीवजन्तुओंको नहीं मारे ॥ १ ॥ शरीरमें तेल आदि नहीं लगावे, नेत्रोंमें अंजन नहीं लगावे, जूता और छाता नहीं धारण करे और काम, क्रोध, लोभ, नाच, गीत, बाजा ॥ २ ॥ जुवां, लडाई, झगडा, झूठ इनको त्याग करे और स्त्रियोंको देखना, स्पर्श करना, किसीको मारना इन कामोंको न करे ॥ ३ ॥ अकेलाही सर्वत्र सोवे, वीर्यपात न होने देवे । यदि ब्रह्मचारी कामवेगसे वीर्यपात करे तो ब्रह्मचारीका व्रतभंग हो जाता है जबतक सामर्थ्य हो तबतक ब्रह्मचर्य धारण करे ॥ ४ ॥

अनन्तर ब्रह्मचारी दोनों हाथोंमें फूल लेके खंभ कलश व गणेशगौरीपर चढावे और यह पढे ।

